# सीधी चैलेंज कप सीजन-9 का भव्य शुभारंभ आज

## मशाल जुलूस के बाद छत्रसाल स्टेडियम में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन के साथ होगा विजेता ट्राफी का अनावरण




नवभारत न्यूज

**सीधी 2 जनवरी। अखिल भारतीय आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन-9 का भव्य शुभारंभ आज 3 जनवरी को अपरान्ह 4 बजे मशाल जुलूश के बाद छत्रसाल स्टेडियम में होगा।**

विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों के बीच विजेता ट्राफी का अनावरण मुख्य अतिथि श्रीमती राधा सिंह राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग म.प्र. शासन द्वारा किया जायेगा। सीधी चैलेंज कप टूर्नामेंट स्पोर्टस समिति सीधी अध्यक्ष डॉ.अनूप मिश्रा ने बताया कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सीधी चैलेंज कप सीजन-9 का आयोजन 3 जनवरी को भव्य शुभारंभ के साथ होना है। अखिल भारतीय आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन-9 के शुभारंभ हेतु 3 बजे मशाल जलाकर शहर के प्रमुख मार्ग से जुलूश निकल कर छत्रसाल स्टेडियम पहुंचेगा। जहां मुख्य अतिथि द्वारा मशाल प्रज्वलन तथा ध्वजारोहण कर विजेता ट्राफी का अनावरण किया जायेगा। इसके पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होगें।

बतातें चलें कि सीधी चैलेंज कप सीजन-9 में प्रमुख रूप से मालदीप, मुंबई, जम्मू एंड कश्मीर, हैदराबाद, सीधी, दिल्ली, रांचीए, उत्तर प्रदेश की टीमें भाग लेगीं। सीधी चैलेंज कप सीजन-9 के भव्य शुभारंभ के साथ ही टूर्नामेंट के लिये बड़े पैमाने पर व्यवस्थाएं की गई है। जिसमें बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के ठहरने के लिये व्यवस्थाएं और बेहतर बनाई गई है। साथ ही टूर्नामेंट का लुत्फ उठाने के लिये स्टेडियम में पहुंचने वाले दर्शकों के मनोरंजन का भी काफी ध्यान रखा गया है। जिससे दर्शक लगातार मैच का लुत्फ उठा सके। सीधी चैलेंज कप के आयोजक डॉ.अनूप मिश्रा ने टूर्नामेंट को वृहद और अंतरराष्ट्रीय के साथ रोमांचक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। जिससे क्रिकेट के इस महाकुंभ के रण में अपने जौहर दिखाने के लिए उतरने वाली टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होता रहे।

### पूल ए एवं पूल बी में शामिल टीमें

अखिल भारतीय आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता कुंवर एवं ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन-9 में पूल ए एवं पूल बी में टीमों को विभक्त किया गया है। पूल ए में एमसीसी मुंबई, सीधी 11, रॉक मेंस रांची, एनएनएस भदोही उ.प्र. शामिल हैं। वहीं पूल बी में जम्मू एण्ड कश्मीर, एलबीएस दिल्ली, राजूस क्रिकेट क्लब हैदराबाद, मालदीव क्रिकेट बोर्ड शामिल हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच 4 जनवरी को होगा।

### इन्हें मिली फ्रेंचाइजी

सीधी 11- इंजीनियर आरबी सिंह टाटा कॉलेज सीधी, एमसीसी मुंबई- विनय सिंह अपना फिलिंग स्टेशन सीधी, मालदीप क्रिकेट बोर्ड- के.डी.सिंह केडी कांस्ट्रक्शन, रॉक मेंस रांची- नीरज शर्मा कमला कॉलेज सीधी, राजूस अकादमी हैदराबाद- हरपाल सिंह, एलबीएस दिल्ली- रहीश चौहान भूमि एसोसिएट, एनएनएस भदोही उत्तरप्रदेश- कुशाग्रपति त्रिपाठीए समय प्रेस, जम्मू एवं कश्मीर- अनिल सिंह ददरी को फ्रेंचाइजी वितरित की गई है।



# युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का किया पुतला दहन

## इंदौर में दूषित पानी से हुई मौत पर प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सीधी 2 जनवरी। कलेक्ट्रेट चौक सीधी में युवा कांग्रेस सीधी जिलाध्यक्ष करुण सिंह चौहान के नेतृत्व में दूषित पानी के कारण इंदौर में हुई दुखद मौतों और वरिष्ठ पत्रकार के साथ अमर्यादित व अभद्र व्यवहार किए जाने को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता नगरीय विकास व संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया।**

युवा कांग्रेस द्वारा बताया गया कि इंदौर में दूषित पानी के कारण 15 लोगों की दु:खद मृत्यु हुई है और लगभग 1400 लोग संक्रमित हुए हैं जो सरकार और प्रशासन की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। और ऐसे संवेदनशील मौके पर एक पत्रकार के साथ कैलाश विजयवर्गीय के गैरजिम्मेदाराना व अमर्यादित आचरण के मुद्दे को लेकर यह प्रतीकात्मक विरोध किया गया है। युवा कांग्रेसियों ने सरकार से मांग की है कि इंदौर की घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए साथ ही भाजपा नेता व मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से इस्तीफा लिया जाए।

### आंदोलन में इनकी रही उपस्थिति

उक्त प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, दिग्विजय सिंह राहुल, युकां विधानसभा चुरहट अध्यक्ष कृष्णदेव सिंह केडी, आजीपीआरएस जिलाध्यक्ष संजय सिंह चौहान, युंका विधानसभा धौंहनी अध्यक्ष अभिषेक सिंह, विक्रमादित्य सिंह, पुष्पेन्द्र पाठक, अनुराग सिंह, सानेन्द्र सिंह, ब्लाक अध्यक्ष सीधी रमन सिंह, ब्लाक अध्यक्ष हनुमानगढ़ विपिन सिंह, जिला महामंत्री शिवजीत सिंह, विक्रांत परिहार, राहुल सिंह, दिग्विजय सिंह मोनू, सुधांशु शुक्ला, अनिल पटेल, अंशू बघेल, अभिनव सिंह, शिवम सिंह गोलू, सूर्यांश सिंह सेंगर, हिमांशु द्विवेदी, प्रशांत बघेल, अतुल परिहार, पुष्पेन्द्र सिंह गोंड़, मकरध्वज सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल रहे।

# ग्राम पंचायत छुही में सरपंच उपचुनाव की हुई मतगणना

## वीरेन्द्र प्रसाद पनिका सरपंच निर्वाचित



नवभारत न्यूज

**सीधी 2 जनवरी। तहसीलदार एवं रिटर्निंग अधिकारी जनपद पंचायत मझौली दिलीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद पंचायत मझौली अंतर्गत ग्राम पंचायत छुही में सरपंच पद के लिए आयोजित उपचुनाव 2025 ( उत्तरार्द्ध ) की मतगणना दिनांक 2 जनवरी 2026 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।**

सरपंच पद के लिए कुल 03 अभ्यर्थी मैदान में थे। मतगणना में वीरेन्द्र प्रसाद पनिका को 520 मत, प्रेमनाथ पनिका को 336 मत तथा नरेन्द्र कुमार सिंह को 303 मत प्राप्त हुए।

वहीं नोटा के पक्ष में 114 मत पड़े। मतगणना परिणामों के आधार पर वीरेन्द्र प्रसाद पनिका को अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर 184 मतों के अंतर से विजयी घोषित किया गया। उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है।

# शिवम पब्लिक हाईस्कूल दुअरा में मना वार्षिकोत्सव






नवभारत न्यूज

**सीधी 2 जनवरी। शिवम पब्लिक हाईस्कूल दुअरा खुर्द में गत दिनों धूमधाम के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह चौहान, अध्यक्षता ज्ञानेन्द्र द्विवेदी पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सिंगरौली एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जीवेन्द्र सिंह चौहान लल्लू समाजसेवी व वरिष्ट संविदाकार सीधी उपस्थित रहे। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। 30 दिसम्बर 2026 को प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दर्शकों द्वारा खूब सराहना की गई। अतिथियों द्वारा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को दो सौ ट्राफी वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बृजेश सिंह गोरे, राजेश सिंह चौहान, अवधराज सिंह, गोविंद गौतम, विहिप संभागीय पदाधिकारी राजेश सिंह, सूबेदार सिंह, रमेश सिंह, अमित सिंह, पुष्पराज सिंह, कुंजबिहारी सिंह, बाबूलाल मिश्रा समेत भारी संख्या में अभिभावकों के साथ एक हजार से ऊपर गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## कायस्थ महासभा का नववर्ष मिलन कार्यक्रम कल

**सीधी।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा सीधी के तत्वाधान में चित्रांश वेद प्रकाश श्रीवास्तव सेवानिवृत्त प्राचार्य, महासभा के मार्गदर्शक मण्डल के सदस्य के द्वारा उनके मूड़ी स्थित निवास में 4 जनवरी 2026 रविवार को कायस्थ बंधुओं के नववर्ष मिलन कार्यक्रम एवं प्रीतिभोज का आयोजन किया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिन 10 बजे से सुन्दर काण्ड पाठ के बाद गीत-संगीत, भजन आदि का गायन बच्चों, युवाओं एवं महिला मण्डली द्वारा किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुये कार्यस्थ महासभा के अध्यक्ष एडवोकेट जे.पी.श्रीवास्तव ने समस्त कायस्थ बंधुओं से आग्रह किया है कि चित्रांश वेद प्रकाश श्रीवास्तव के ग्राम मूड़ी स्थित निवास आयोजित नव वर्ष मिलन समारोह में परिवार सहित निर्धारित समयावधि में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

## मेडिकल बोर्ड की बैठक अब प्रत्येक गुरूवार को

**सीधी।** अब जिला मेडिकल बोर्ड की बैठक प्रत्येक मंगलवार के स्थान पर प्रत्येक गुरुवार को जिला चिकित्सालय सीधी में आयोजित की जाएगी। यह निर्णय जिले में प्रशासनिक एवं कार्यगत समन्वय को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। आगामी अवधि से मेडिकल बोर्ड की सभी बैठकें निर्धारित दिन गुरुवार को जिला चिकित्सालय परिसर में संपन्न होंगी। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के प्रबंध संचालक द्वारा साप्ताहिक बैठक आयोजित की जाती है। मेडिकल बोर्ड की बैठक के कारण सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक कई बार एनएचएम की बैठक में उपस्थित नहीं हो पाते थे, जिस पर प्रबंध संचालक द्वारा नाराजगी व्यक्त की जाती थी। इसी कारण बैठक के दिन में परिवर्तन का निर्णय लिया गया है।

## मुख्यमंत्री का कार्यक्रम तीसरी बार बहरी में स्थगित

**सीधी।** जिले के बहरी में मुख्यमंत्री का आगमन तीसरी बार स्थगित हो गया है। क्षेत्रीय जनता को उम्मीदें थी कि नए साल में सीएम डॉ.मोहन यादव आएंगे तो कई सौगातें देंगे लेकिन फिर उम्मीदों पर पानी फिर गया है। बहरी में पिछले वर्ष दो बार कार्यक्रम स्थगित हुआ, वहीं नए साल में 3 जनवरी को उनके आने का कार्यक्रम था लेकिन उनके आने के एक दिन पहले 2 जनवरी को फिर स्थगित हो गया। मुख्यमंत्री के बहरी आगमन को लेकर प्रशासन की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई थी लेकिन धीमी गति से तैयारी हो रही थी। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर 19 सितम्बर 2025 को पहला कार्यक्रम था लेकिन हादसे में मौत के बाद कार्यक्रम स्थगित हुआ। इसके बाद फिर 7 दिसम्बर 2025 को स्थगित हुआ। वहीं अब 3 जनवरी को आने को लेकर तैयारियां की जा रही थी लेकिन एक दिन पहले फिर कार्यक्रम कैंसिल होना समझ से परे माना जा रहा है। जनता को उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री आएंगे तो सिहावल विधानसभा सहित जिले की जनता को नए साल में नई सौगातें देकर जाएंगे लेकिन वह एक बार फिर नहीं आ रहे हैं। जिससे जनता में मायूशी दिख रही है। चर्चा है कि अब मुख्यमंत्री 7 जनवरी को फिर आ सकते हैं। कार्यक्रम को लेकर तैयारी में 3 बार कार्यक्रम स्थगित होना एवं उसके पहले पूरी तैयारियां होना, टेंट पंडाल लगने सहित अन्य तैयारियों के लिए लाखों रुपए खर्च हो गए। ऐसे में एक दिन पहले कार्यक्रम स्थगित होने से यह राशि जनता के हितों में खर्च होती तो कितना अच्छा होता लेकिन सरकारी राशि का दुरुपयोग माना जा सकता है।

## गौ संवर्धन योजना से बदलेगा पशुपालकों का भविष्य

**सीधी।** जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और ग्रामीण परिवारों को स्थायी आजीविका से जोड़ने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। यह योजना पशुपालकों को संगठित रूप से डेयरी व्यवसाय अपनाने का अवसर प्रदान कर रही है, जिससे वे स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। योजना के अंतर्गत डेयरी इकाई स्थापित करने के लिए कुल परियोजना लागत का 75 प्रतिशत भाग बैंक ऋण के रूप में उपलब्ध कराया जाता है, जबकि शेष 25 प्रतिशत राशि हितग्राही द्वारा अंशदान के रूप में दी जाती है। पशुपालकों को राहत देते हुए शासन द्वारा 7 वर्षों तक 5 प्रतिशत ब्याज प्रतिपूर्ति अनुदान का लाभ भी दिया जा रहा है, जिससे ऋण चुकाने का भार काफी कम हो जाता है। योजना का लाभ लेने के लिए पशुपालक के पास न्यूनतम 5 दुधारू पशु एवं 1 एकड़ कृषि भूमि होना आवश्यक है। पशुओं की संख्या में वृद्धि होने पर भूमि की आवश्यकता भी उसी अनुपात में निर्धारित की जाती है। इससे डेयरी इकाई का संचालन व्यवस्थित और टिकाऊ बना रहता है। निर्धारित इकाई लागत के अनुसार 5 भैंसों की डेयरी इकाई के लिए 4 लाख 25 हजार रुपये, 5 शंकर नस्ल की गायों के लिए 3 लाख 82 हजार रुपये तथा 5 देशी गायों के लिए 2 लाख 43 हजार 750 रुपये तय किए गए हैं। वहीं 10 दुधारू पशुओं की इकाई के लिए यह लागत भैंसों पर 8 लाख 40 हजार रुपये, शंकर गायों पर 7 लाख 51 हजार रुपये तथा देशी गायों पर 4 लाख 75 हजार रुपये निर्धारित है। योजना में सामाजिक वर्गों को ध्यान में रखते हुए विशेष सहायता का प्रावधान भी किया गया है।

# स्टार्टअप्स को मिल रही आर्थिक सहायता 11-12 को होगा स्टार्टअप समिट

नवभारत न्यूज

**सीधी 2 जनवरी। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि म.प्र. शासन के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा 24 फरवरी 2025 के बाद स्थापित पात्र स्टार्टअप्स को म.प्र. स्टार्टअप नीति 2025 के अंतर्गत 10 हजार रुपये प्रतिमाह की दर से 12 माह तक आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।**

इसके साथ ही मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत पात्र स्टार्टअप्स को बैंक से ऋण प्राप्त करने पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान तथा परियोजना लागत का 15 प्रतिशत अधिकतम 15 लाख रुपये तक की सहायता भी दी जा रही है। उक्त योजनाओं का लाभ लेने हेतु इच्छुक स्टार्टअप्स जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिंगरौली रोड डैनिहा गुलाब टावर सीधी में संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विकास मिश्रा सहायक प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से म.प्र. शासन द्वारा 11 एवं 12 जनवरी को रवींद्र भवन भोपाल में मप्र स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवार्ड 2026 का आयोजन किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी में राष्ट्रीय शोध सेमिनार 7 व 8 को

## विज्ञान विभाग के संयोजकत्व में आयोजित होगा दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध सेमिनार



नवभारत न्यूज

**सीधी 2 जनवरी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में 7 एवं 8 जनवरी 2026 को मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में वनस्पति विज्ञान विभाग के संयोजकत्व में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।**

सेमिनार का विषय ''इमर्जिंग ट्रेंड्स एंड रिसेंट एडवांसेज इन रिसर्च इन प्लांट साइंसेज'' निर्धारित किया गया है। प्राचार्य डॉ.प्रभाकर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सेमिनार से संबंधित विस्तृत विवरण, पंजीयन प्रक्रिया एवं दिशा-निर्देश महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रदेशों से आमंत्रित विषय विशेषज्ञ अपने व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे, वहीं शोधार्थियों एवं शिक्षकों को अपने शोध पत्र प्रस्तुत करने का सशक्त मंच प्राप्त होगा। सेमिनार में प्रस्तुत चयनित शोध पत्रों को आईएसबीएन सहित पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जाएगा, जिससे शोधार्थियों को अकादमिक पहचान एवं शोध संवर्धन का महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के कन्वीनर डॉ.राकेश सिंह चौहान ने शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कर इस सेमिनार में सहभागिता करें और नवीन शोध प्रवृत्तियों एवं उभरते अनुसंधान आयामों से लाभान्वित हों।

# श्री साई महाविद्यालय में हर्षोल्लास मनाया गया विदाई समारोह एवं नव वर्ष



नवभारत न्यूज

**सीधी 2 जनवरी। श्री साई महाविद्यालय सीधी में 2 जनवरी को फेयरवेल पार्टी का आयोजन बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंजी.आशीष मिश्रा, विशिष्ठ अतिथि श्रीमती रचना मिश्रा तथा अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य इंजी.पियूष सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।**

इस विदाई समारोह में महाविद्यालय के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों ने अपने सीनियर चतुर्थ वर्ष के छात्रों को फेयरवेल दिया। कार्यक्रम में जूनियर छात्रों द्वारा मनमोहक नृत्य, संगीत तथा नाटक के साथ रचनात्मक प्रस्तुति पेश की गई तथा जमकर धमाल किया गया।

दो स्तरीय स्क्रीनिंग के बाद प्रियांशु मौर्या को मिस्टर फेयरवेल तथा माया सेन को मिस फेयरवेल चुना गया। महाविद्यालय की संचालिका श्रीमती रचना मिश्रा ने विजेता माया सेन को तथा पियूष सिंह द्वारा प्रियांशु मौर्या को क्राउन पहनाया गया। कार्यक्रम प्रभारी मीनाक्षी चतुर्वेदी एवं श्रुति सिंह के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने यह रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी सूरज नामदेव ने किया। सीनियर छात्रों को यादों को संजोने हेतु उपहार भी दिया गया। उक्त कार्यक्रम में सहा. प्राध्यापक श्रीमती सुमन सिंह, विनय सोनी, लक्ष्मी शंकर यादव, आकांक्षा सिंह, रीता सिंह, आरती द्विवेदी, विवेक तिवारी, शुभम शर्मा, राजकुमार सोनी, शीला मिश्रा, शिवालिक गौतम तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट विद्यालय व माडल स्कूल प्रवेश परीक्षा के आवेदन की तिथि 15 तक

नवभारत न्यूज

**सीधी 2 जनवरी। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के आदेशानुसार जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं विकासखंड स्तरीय माडल स्कूल की कक्षा 9 में सत्र 2026-27 के प्रवेश हेतु आवेदन करने की तिथि 16 जनवरी निर्धारित की गई है।**

ऐसे छात्र जो उक्त विद्यालय के लिए कक्षा 9वी में प्रवेश चाहते हैं वह अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र 16 जनवरी तक कियोस्क के माध्यम से 200 रूपये आवेदन शुल्क के साथ कर सकते है।

उक्त आशय के संबंध में और अधिक जानकारी देते हुए उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस.एन.त्रिपाठी ने बताया कि इन विद्यालयों से संबंधित होने वाली प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी 2026 को संपन्न होगी। सभी इच्छुक छात्र जो कक्षा 9वी में उत्कृष्ट विद्यालय अथवा मॉडल स्कूल में प्रवेश चाहते हैं वह अपने ऑनलाइन आवेदन 16 जनवरी तक कर सकते हैं।

# धान उपार्जन में किसानों के हितों की सुरक्षा को प्राथमिकता

## सही तौल, उचित मूल्य और समय पर भुगतान के लिए केन्द्रों की सघन निगरानी






नवभारत न्यूज

**सीधी 2 जनवरी। जिले के किसानों को धान उपार्जन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा उन्हें उनकी उपज का पूरा मूल्य, सही तौल और समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सके इसके लिए प्रशासन द्वारा धान उपार्जन केन्द्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए उपार्जन कार्य को पारदर्शी और भरोसेमंद बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।**

प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती प्रियल सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा औसत अच्छी गुणवत्ता धान का समर्थन मूल्य 2369 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। जिले में धान की खरीदी 1 दिसम्बर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक की जा रही है ताकि सभी पंजीकृत किसान आसानी से अपनी उपज विक्रय कर सकें। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देश पर राजस्व विभाग खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग सहकारिता विभाग तथा संबंधित संस्थाओं के अधिकारी संयुक्त रूप से उपार्जन केन्द्रों का नियमित एवं औचक निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसानों की धान गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ली जाए और किसी भी स्तर पर उन्हें परेशान न किया जाए। इसी क्रम में दिनांक 2 जनवरी 2026 को डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रियल सिंह एवं आर एम शुक्ला जेएसओ द्वारा चुरहट, सीधी खुर्द एवं मां शारदा स्व सहायता समूह चुरहट (सर्रा) स्थित धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।वहीं एम.एल.बढेरा प्रभारी जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा सीधी खुर्द तथा राजेश कुमार सिंह द्वारा चुरहट उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने धान की गुणवत्ता जांच तौल व्यवस्था भंडारण और परिवहन की स्थिति का अवलोकन किया तथा केन्द्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो और सभी प्रक्रियाएं शासन के निर्देशों के अनुसार हों। प्रशासन ने किसानों को आश्वस्त किया है कि धान उपार्जन अवधि के दौरान निगरानी का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिकायत की स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जाएगी ताकि जिले के प्रत्येक किसान को उसकी उपज का न्यायसंगत मूल्य और विश्वासपूर्ण व्यवस्था मिल सके।